# दुकानदारों की कमर तोड़ दी प्रशासन ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खजरी चौक स्थित शक्ति भवन के पास पहले व्यापारियों की दुकानें तोड़ दी गईं और कहा गया कि 15 नवम्बर के बाद लगा लेना। अब उनके द्वारा बनाई गई पायरी भी तोड़ दी गई। इससे व्यापारियों में दुख व्याप्त है। उनके सामने अब परिवार को पालने पोसने की नौबत आ गई है।

पायरी तोड़ते देख दुखी व्यापारियों की ऑखो में आंसू टपकते देखा गया, लेकिन जेसीवी मशीन चली और एक तरफ से पायरी को तहस नहस कर दिया। अच्छा हुआ कि व्यापारियों की दुकानों के सामने लगाए गए वृक्षों को कुछ नहीं हुआ। वे सही सलामत हैं। वृक्ष उन्हीं की देखरेख में लगाए गए थे और कहा गया था कि इसको पालने पोसने की जवाबदारी आब सब लोगों की है।

व्यापारियों ने ऐसा ही किया लेकिन अचानक ही दल बल के साथ पहुंचा निगम का अमला चालू दुकानों को सात नवम्बर को जमींदोज कर दिया और आठ नवम्बर को पायरी को तहस-नहस कर दिया। 40 व्यापारी खड़े देखते रहे और मन में सोचते रहे कि अब उनके परिवार का क्या होगा। कुछ लोगों ने तो सरकार को ही कोस दिया कि चुनाव के दौरान आश्वासन दिया गया था कि किसी का मकान, दुकान नहीं टूटेगी और सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी लेकिन दुर्भाग्य है कि दीपावली



## कल दुकानें तोड़ीं और शुक्रवार को दुकानदारों की पायरी भी तोड़ दी गई, नम आंखों से देखते रहे बेबस दुकानदार

के पूर्व 54 काम्लेक्सों के 105 तलघरों में ताला जड़ दिया गया था। बाद में प्रभारी मंत्री के हस्तक्षेप से तलघरों को खुलवाया गया। अब खजरी चौक एमपीईबी के शक्ति भवन के सामने का अतिक्रमण बुरी तरह से तोड़ा गया, लोगों के सामान भी क्षतिग्रस्त हुए है। परंतु आज भी शॉपिंग जोन के सामने परासिया रोड का अतिक्रमण यथावत है। ईएलसी चौक का अतिक्रमण यथावत है। तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के कार्यालय के सामने अतिक्रमण लम्बे समय से है। छात्रावास के किनारे मोहन नगर रोड, सहाकारिता उपायुक्त के कार्यालय के सामने भारी वाहनों का जखीरा खड़ा रहता है लेकिन इन अतिक्रमणों को अभी तक नहीं हटाया गया। जबकि यहां यातायात बाधित होती है।

जेल काम्पलेक्स के फुटपाथ में खाना बनाने की भट्टियां तक बनी है ऊपर से दुकान का बोड सड़को पर लगा रहता है, परंत उसे नहीं हटाया गया। वहां बड़े और प्रभावशाली लोग है, शायद यही वजह है।

# देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर 12 को स्थानीय अवकाश घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल की अधिसूचना 28 अक्टूबर 2024 के व्दारा 01 नवम्बर 2024 दिन शुक्रवार को गोर्वधन पूजा के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर कार्यालयीन आदेश 05 जनवरी 2024 के व्दारा छिन्दवाड़ा जिले के लिए 01 नवम्बर 2024 दिन शुकवार को घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त किया जाकर इसके स्थान पर 12 नवम्बर 2024 दिन मंगलवार देवउठनी एकादशी / तुलसी विवाह का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषालय उप कोषालयों पर लागू नहीं होगा।

# धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है ठंड

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मौसम में बदलाव होना शुरू हो गया है। यहां अब रातें ठंडी हो गई हैं। शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दिन का तापमान 31 डिग्री है तो रात का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस से नीचे है।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 15 नवंबर से ठंड का असर बढ़ेगा। अब धीरे-धीरे सर्दी जोर पकड़ती जा रही है। ज्यादातर रात का तापमान 20 डिग्री के नीचे जा पहुंचा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 4 दिन बाद मौसम में तेजी से बदलाव आएगा और रात व दिन के तापमान में भी गिरावट होगी।मौसम विभाग के अनुसार नवंबर महीने में ट्रेंड रहा है कि दूसरे सप्ताह से ही सर्दी जोर पकड़ती है और तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून के समाप्त होने के बाद मौसम सामान्य होता है, लेकिन आसमान बादलों से घिरा रहता है। हालांकि इस दौरान गर्मी और उमस का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान मावठे की हल्की बरसात के भी आसर हैं जिसके बाद सर्दी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है।

## सार-समाचार

# कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग, जिम्मेदार बेखबर



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा राजस्व के सर्किल क्षेत्र में खेतों में सस्ती दरों में कृषि भूमि खरीदकर महंगी दरों पर अवैध प्लाट बेचे जा रहे हैं। यह सब कुछ अधिकारियों की अनदेखी के कारण हो रहा है। इस तरह बिना डायवर्सन व रेरा के कृषि भूमि पर अवैध प्लाट काटे जा रहे हैं। स्थानीय राजस्व प्रशासन कार्रवाई करने से हमेशा बचता नजर आ रहा है। ना तो डायवर्सन और न ही एनओसी इसके बाद भी खेतों में फसलों के स्थान पर प्लाट काटी जा रहे हैं। बीते सालों में कोरोना काल के बाद यह कारोबार तेजी से फल-फूल गया, जिन खेतों में फसले लहलहाती थी वहां अब प्लाट काटे जा रहे हैं।

भू-कारोबारी किसानों से एक साथ कृषि भूमि खरीद लेते हैं। इसके बाद बिना डायवर्सन और अन्य जरूरी अनुमतियां लिए बगैर प्लाट काटकर उन्हें बेचने लगते हैं। नियम विरुद्ध काटी जा रही कालोनियों के चलते स्वच्छ और सुंदर शहर के मास्टर प्लान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में काटी जा रही इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक कोई भी कठोर कार्रवाई नहीं हो सकी है जबकि जिले में अवैध कॉलोनी को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है।

अमरवाड़ा के छिंदवाड़ा रोड स्थित साईं मंदिर पुलिया के पास मैंन रोड पर कहकर अंदर प्लाटिंग कर दी गई जबकि वहां पानी, बिजली और सड़क की भी कोई व्यवस्था नहीं है। बताया जा रहा है कि अब प्लॉट खरीददार स्वयं अपने पैसों से बिजली और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं कुछ खरीददारों से तो शुरुआती कुछ एडवांस पैसे ले लिए गए परंतु उन्होंने जब वहां वस्तु स्थिति जाकर देखी तो खरीददारों ने प्लाट लेने से मना कर दिया। ऐसे में अब प्रॉपर्टी डीलर और विक्रेता उन खरीददारों को उनके पैसे देने में आनाकानी कर रहे हैं। हालांकि देखना होगा की खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

# पूजा मनोज राजपूत ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्टेशन रोड निवासी पूजा राजपूत पति मनोज राजपूत ने कलेक्टर से न्याय पाने की गुहार लगाते हुए कहा है कि स्टेशन रोड, तहसील व जिला छिंदवाड़ा के स्वामित्व की जमीन वाके मौजा छिंदवाड़ा खास प.हं.नं. 13, ब.नं. 177 रा.नि.मं. छिंदवाड़ा वृत- 2 खसरा नंबर 2272/1/1 रकबा 0.061 हेक्टेयर भूमि हम दोनों पति.पत्नी के नाम से राजस्व रिकार्डो में दर्ज है, जिसका कई बार आवेदन देने के बाद दिनांक 17 नवम्बर 2022 को सीमांकन हो गया था। हम आवेदकगणों के स्वामित्व की भूमि में अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। उसमें नगर पालिक निगम द्वारा एक कमरा, एक मंदिर का कमरा और अन्य कार्य करा लिये गये। वहां के कुछ लोग निवास करते है जो आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं एवं अवैध शराब एवं गॉजे का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया है। जबकि उनके पास स्वयं की भूमि के भी कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं और वहाँ भी अवैध रूप से निवासरत हैं।

इस संबंध में विस्तृत रूप से आवेदक दंपत्ति द्वारा प्रथम बार चौकी प्रभारी धरमटेकड़ी को 22 दिसम्बर 2023 को, पुलिस अधीक्षक कार्यालय छिंदवाड़ा को 26 दिसम्बर 2023 को पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 04 मार्च 2024, कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा में 30 अगस्त 2024 एवं पुनः 8 अक्टूबर 2024 को मंगलवार जन सुनवाई में आवेदन दिया गया। वहां का रह रहे परिवार द्वारा आवेदक की भूमि पर गड़े खंभे तोड़े जाने की भी शिकायत की गई परंतु आज दिनांक तक हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में तहसीलदार के न्यायालय से दो दो बार कब्जा हटाने का आदेश हुआ लेकिन नहीं हटाया गया। हम मजबूर है। बेरोजगार है। कोई काम नहीं कर सकते, जब तक मेरी जमीन रिक्त न हो जाए इसलिए जिला कलेक्टर से पूजा राजपूत ने न्याय की गुहार लगाई है।

# नन्हें वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र कन्हरगांव के अंतर्गत केंद्र के 14 माध्यमिक विद्यालयों के द्वारा सामाजिक विज्ञान विज्ञान एवं गणित विषय की प्रदर्शनी में नन्हें वैज्ञानिक अपने प्रोजेक्ट लेकर उपस्थित हुए। जन शिक्षा केंद्र कन्हरगांव में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जन शिक्षा केंद्र प्रभारी धनराज चौहान जन शिक्षक वीरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हरगाँव के शिक्षक प्रवीण डोंगरे एवं संदीप वासनिक द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी द्वारा रिबन काटकर किया गया। प्रदर्शनी में सामाजिक विज्ञान में राजकुमारी चंद्रवंशी, मा.शा. पुरा सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण, नवीन विश्वकर्मा मा.शा. खंसवाड़ा सौरमंडल, विज्ञान में अमन ठवरे मा.शा. मुसादेही चंद्रयान, राजा चंद्रवंशी मा. शा. खंसवाड़ा पवन चक्की, गणित विषय में कीर्ति चंद्रवंशी मा.शा. पुरा कोणो के प्रकार, संध्या चंद्रवंशी मा.शा. तिगाई परिमेय संख्या का विकास खण्ड स्तर के लिये चयन किया गया।

प्रदर्शनी में मुकेश अवस्थी, मनोहर राऊत, प्रकाश चरपे, मोहन मालवीय, हरिराम अहिरवार, नीतू पवार, मधु शर्मा, रत्ना कुमरे, नाजिया बानों, विशाल बेलवंशी, सरजू लाल ठवरे सहित केन्द्र के शिक्षको ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आने वाले 13 से 19 नंवबर के बीच ये विधार्थी विकास खण्ड स्तर पर सहभागिता करेंगे।



# ध्वजारोहण से प्रारंभ हुआ महापर्व अष्टांहिका

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्तिक शुक्ल सप्तमी शुक्रवार के शुभ दिन नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में आठ दिनों तक चलने वाले जैन दर्शन के अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टांहिका का मंगलमय शुभारंभ हुआ।

प्रात:काल की मंगल बेला पर श्रावणगणों ने श्री पार्श्व प्रभु के मनोहारी जिनबिंब का प्रक्षालन किया पश्चात जिनालय के शिखर पर जिनशासन का मंगल ध्वज फ्हराकर अष्टांहिका पर्व का शुभारंभ किया गया। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य मंडल के मंत्री अशोक जैन, फेडरेशन उपाध्यक्ष जिनेन्द्र, सचिव दीपक राज जैन, सुरेंद्र जैन, पंकज जैन को प्राप्त हुआ।

ध्वजारोहण के पश्चात श्री अष्टपाहुड़ विधान का विधि पूर्वक शुभारंभ किया गया जिसकी विधि पंडित ऋषभ शास्त्री एवं डॉ. विवेक जैन, सचिन जैन एवं आशीष कौशल द्वारा कराई गई।

इस अवसर पर पदमा सुरेन्द्र जैन हस्ते जिनवाणी विराजमान की गई एवं रानी



जैन, मंजू जैन, श्रद्धा जैन, समता जैन, सविता जैन, सुरक्षा जैन, प्रगति जैन एवं चौथमल जैन द्वारा मंगल कलशों की स्थापना की गई।

### मंगल प्रवचनों का मिला लाभ

विधान के पश्चात बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन ने मंगल प्रवचनों में अष्टांहिका महापर्व की महिमा बताई गई, उन्होंने कहा कि महान पुण्योदय से ऐसे महापर्व को मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। धन्य हैं वे जीव जो आठ दिनों तक विषय-कषाय को छोड़ कर महापर्व की आराधना करते हैं उनके लिए यह काल मंगल हैं।

जैन दर्शन में अष्टांहिका पर्व सहित दशलक्षण पर्व, सोलहकारण पर्व, रत्नत्रय पर्व के साथ अष्टमी एवं चतुर्दशी को मंगल पर्व कहा गया जिसमे विशेष आराधना की जाती है। संध्या के समय जिनेन्द्र भक्ति के बाद बच्चों की पाठशाला एवं शास्त्र स्वाध्याय का लाभ मिला, मंगल महोत्सव आगामी कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार 15 नवंबर तक चलेगा।

# दुपहिया में तीन सवारी बैठाने पर किया चालान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला अंतर्गत सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक, मृगाखी डेका के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दो पहिया वाहन में तीन सवारी बैठने वाले 12 चालकों एवं तेज आवाज सायलेंसर वाले तीन वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गयी ।उनसे 6 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर मृगाखी डेका को लगातार बुलट मोटर सायकिल सवारों के द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाये जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# धूमधाम से मां काली विदा

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** मोहन कॉलरी के श्री श्री काली पूजा ग्राउंड में दीपावली की रात मे पूजन पाठ के साथ स्थापित की गई मां महाकाली की प्रतिमा कि आठ नवम्बर शुक्रवार को धूमधाम से गाजे बाजे के साथ विदाई की गई एवं महाकाली की प्रतिमा का आरती व पूजन पाठ करने के पश्चात विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। एवं जगह-जगह प्रसाद का विवरण किया गया।

गौरतलब है कि 31 अक्टूबर गुरुवार को दीपावली कि रात मे मां काली की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। एवं 08 नवम्बर शुक्रवार को रिछेड़ा स्थित पेंच नदी में पहुंचकर महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर श्री मां काली पूजा महोत्सव समिति मोहन कालरी के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।



# अमरवाड़ा में क्षत्रिय समाज का अखिल भारतीय सम्मेलन आज

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** आज 9 नवंबर दिन शनिवार को छिंदवाड़ा सिवनी मंडल के तत्वाधान मे अमरवाड़ा नगर के तुलसा होटल परिसर मे ठाकुर क्षत्रिय समाज का अखिल भारतीय स्तर का सामाजिक महाकुम्भ का आयोजन होगा।

उक्तशय की जानकारी प्रदान करते हुए ठाकुर समाज अमरवाड़ा के सचिव एवं जिला मीडिया प्रभारी सूरज ठाकुर ने बताया की इस सम्मेलन मे युवक युवती परिचय सम्मेलन ए प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन में अखिल भारतीय स्तर के सामाजिक लोगों का समागम होगा और सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

इस अवसर पर सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा वहीं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय भी देगें। दिन भर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सामाजिक सभी वर्ग के लोग शामिल होगें। समाज के आयोजक ने इस संबंध में जानकारी देने के पश्चात सभी से अपील की है कि निर्धारित स्थान पर समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

सम्मेलन में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सागर, सिवनी, छिंदवाड़ा, देवास, रायसेन, बीना, कटनी, दमोह, गढ़ाकोटा, देवनगर, गोटेगाँव आदि कई जगह के लोग शामिल होंगे।

# गुजरातियों ने मनाई जलाराम जयंती



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जलाराम जयंती के अवसर पर गुजराती समाज छिंदवाड़ा द्वारा समाज के भवन में पूरे उत्साह के साथ बाप्पा की जयंती मनाई गई बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं एवं जनसाधारण द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की गई।

प्रात: 9.00 बजे स्थापना किया जाकर बाप्पा को राजभोग लगाया गया आरती संकीर्तन के साथ 12.00 बजे से महाप्रसादी वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ बेरडी सौंसर से पधारे विपिन शर्मा एवं मंडली द्वारा जलाराम बापा के मधुर भजनों का गायन किया गया तथा 6.30 बजे महा आरती के साथ जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जयंती के शुभ अवसर पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के वरिष्ठ सदस्यों का कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड तैयार किया गया।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) नरसिंहपुर रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी सतीश नौरिया उम्र 37 वर्ष को धारा-5(द्व) 5(द्व)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में आजीवन कारावास, जिसका तात्पर्य उसके शेष प्राकृत जीवन के लिये है एवं पांच हजार रूपये अर्थदंड तथा धारा-323 भा.दं.वि. में एक वर्ष के सश्रम कारावास एक हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

साथ ही एक अन्य आरोपी गजानन चौधरी उम्र 50 वर्ष को धारा-21(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम अभियुक्त को उसके निरोध में व्यतीत की गई अवधि अर्थात दिनांक एक दिसंबर, 2023 से दिनांक 24 जनवरी, 2024 तक के कारावास एवं 10 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि 27 नवंबर 2023 को अभियोक्त्री की मां द्वारा थाना करेली में उपस्थित होकर लिखित आवेदन इस आशय का दिया कि उसकी बड़ी बेटी उम्र 04 साल में एक महिना कम है, जिसकी जन्मतिथि 18 जनवरी, 2020 है। एक इंग्लिश मीडियम स्कूल करेली में पढ़ती है। दिनांक 22.11.2023 को दोपहर 2-3 बजे अभियोक्त्री खिलौने वाले घोड़ा में बैठ कर खेल रही थी जो घोड़ा में बैठने पर बार-बार बोली कि मम्मी दर्द हो रहा है। शक होने पर उससे पूछा तो उसने सारी बात बताई।

अभियोक्त्री की मां के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर पुलिस थाना करेली, जिला नरसिंहपुर में धारा-376(1), 376एबी, 342, 506 भा.दं.वि. एवं धारा 3/4, 5एम/6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध करते हुए प्रकरण अनुसंधान में लेकर उसका मुलाहिजा कराया जाकर अन्य साक्षीगणों के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी एडीपीओ सोनाली तिवारी द्वारा की गई।

## देलाखारी क्षेत्र में रोपण कार्य का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा सामान्य के वन परिक्षेत्र देलाखारी सामान्य में जे. देवाप्रसाद (भा.व.से.) क्षेत्र संचालक, पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी द्वारा मिश्रित कक्ष पी 97 रकबा 20 हेक्ट एवं बांस वृक्षारोपण कक्ष पी-159 रकबा 20 हेक्टर में का गत 07 नवम्बर 2024 निरीक्षण किया गया।

बताया गया कि क्षेत्र संचालक पेंच टायगर रिजर्व सिवनी द्वारा देलाखारी परिक्षेत्र सामान्य में कार्य आयोजना का कियान्वयन अंतर्गत अतिक्रमण होने की संभावना रोकने के प्रयास हेतु कार्य आयोजना का कियान्वयन योजनान्तर्गत बीट पूर्व सीताडोंगरी के कक्ष पी 159 रकबा 20 हेक्टयर में रोपण कार्य के अंतर्गत प्रजाति बांस 12500 निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अवलोकन में पाया गया कि बांस रोपण की सजीवता 97 प्रतिशत पायी गई। फेसिंग एवं निरीक्षण पथ के किनारे बीज रोपण कार्य के अंतर्गत खम्हेर, अर्जुन, साजा प्रजाति के पौधों में ऊंचाई में अच्छी वृद्धि (ग्रोथ)पायी गई। सी.बी.ओ. कार्य के अंतर्गत लेडिया, सागौन, धावड़ा प्रजाति की कॉपिस प्रजाति 90 से.मी. तक ऊंचाई में अच्छी वृद्धि (ग्रोथ) पायी गई, वृक्षारोपण कार्य उत्तम पाया। वृक्षारोपण क्षेत्रान्तर्गत घांस कटाई कर संबंधित समिति की बैठक आहुत कर समिति को प्रदाय जाने हेतु निर्देषित किया गया। इसी तरह कैम्पा योजनान्तर्गत बीट कोसमी के कक्ष पी 97 रकबा 20 हेक्टयर में मिश्रित वृक्षारोपण में प्रजाति आंवला, बहेड़ा, खम्हेर, बांस इत्यादि 10000 पौधारोपण का आंशिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पौधे की ग्रोथ अच्छी पायी गई एवं सी.बी.ओ कार्य देखकर संतोष व्यक्त कर सिंगलिंग कार्य कराने हेतु निर्देषित किया गया। वृक्षारोपण क्षेत्र से घांस कटाई कर ले जा रहे स्थानीय लाभार्थी ग्रामीणों से चर्चा की गई एवं प्रसन्नता व्यक्त की गई।

निरीक्षण के दौरान एच.सी. बघेल उपवनमंडलाधिकारी तामिया सामान्य, अंचल भारद्वाज वन परिक्षेत्र अधिकारी देलाखारी सामान्य, रोहित चतुर्वेदी वन परिक्षेत्र अधिकारी झिरपा सामान्य, रामप्रसाद पन्द्रे उपवन क्षेत्रपाल तथा संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे। इस दौरान



## भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती में शामिल हुए सांसद साहू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी को भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मनाई गई। दशहरा मैदान के पास स्थित सहस्त्रबाहु चौक में आयोजित कार्यक्रम मे भगवान सहस्त्रबाहु की आरती की गई। कार्यक्रम मे शामिल हुये सासंद बंटी विवेक साहू ने राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की और सर्ववर्गीय कलार समाज सहित पुरे जिलेवासियों को जंयती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान सहस्त्राबाहूजी की कृपादृष्टी, आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे यही मंगल कामना करता हूँ।

राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेश महासचिव अखिलेश प्रेमशंकर राय (बब्लू) ने बताया कि आरती के बाद दीपावली मिलन समारोह, सहस्त्रबाहु जयंती सहित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान व प्रतिभा सम्मान समारोह महोत्सव के रूप में 1 दिसम्बर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रवक्ता आशीष कटकरवार, स्व. कलार समाज छिन्दवाड़ा शहर के सभी वर्गों के सामाजिक बंधु बडी संख्या में उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## छह लाख दो हजार सात सौ रुपए जमा नहीं करने पर ताला लगा दिया तहसीलदार ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तहसीलदार मोहखेड़ सुश्री रूपेश्वरी कुंजाम के निर्देशानुसार राजस्व निरीक्षक इकलबिहरी, हल्का पटवारी, माल जमादार ग्राम कोटवार सहित संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मुरमारी में आवेदित भूमि खसरा नंबर 112/3 व अन्य 6 खसरा नम्बर का कुल रकबा 4.050 है तथा भूमि अनावेदक विजेन्द्र पिता मानिकचंद जाति गोंड निवासी गोरेघाट संचालक प्रकाश पिता लखनलाल निवासी छिंदवाड़ा द्वारा गैर कृषि (डायवर्सन भू-राजस्व) वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक 602700 रुपये जमा ना करने के कारण चल संपत्ति जप्त कर मौके पर कार्यालय पर ताला लगाकर सील किया गया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 813 मरीजों का पंजीयन, 771 मरीज का उपचार कर वितरित की दवाइयां



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर पांढुरना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाठई में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेइ की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 813 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 771 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 42 गंभीर मरीजो को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि डॉक्टर और दवाइयां की किसी को यदि ज्यादा आवश्यकता पड़ती है वह हमारे बुजुर्गों को पड़ती है पहले 70 वर्ष के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड में नाम नहीं जुड़ता था लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों की चिंता की और उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ दिलाना प्रारंभ कर दिया है, सांसद ने कहा कि देश में अभी 55 करोड लोगों को आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है।

## गृह विज्ञान विभाग द्वारा कोर्स से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल के निर्देशन में 08 नवम्बर 2024 को गृह विज्ञान विभाग द्वारा कोर्स से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिलीप डेहरिया मोबिलाईजेशन ऑफिसर एवं बलरान धुर्वे द्वारा छात्राओं को अनेक कोर्सेस संबंधी महत्वूपर्ण जानकारी प्रदान की। विभिन्न कोर्स जैसे इंडिनयन कुकिंग, बैकरी एवं ए.सी. रिपेरिंग आदि कोर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम में गृह विभाग के समस्त स्टाफ एवं महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## रेत खनिज का अवैध भंडारण एवं उल्लंघन प्रमाणित होने पर एक लाख 80 हजार का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में प्रभारी खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा से रेत का अवैध भण्डारण के संबंध में प्राप्त प्रकरण अनुसार राजस्व अभिलेख में छोटी बाई पति हृदयलाल वगैरह के नाम से दर्ज भूमि पर 24 घनमीटर अवैध रेत भण्डारित होना पाया गया जो कि म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अनुसार रेत खनिज का अवैध भण्डारण करने और अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर प्रावधान अनुसार अनावेदक छोटी बाई पति हृदयलाल वगैरह तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा पर अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 180000 रुपए अधिरोपित की गई है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया के राजस्व प्रकरण में पारित आदेश 01 दिसंबर 2023 के अनुसार 23 नवंबर 2023 को खनिज एवं राजस्व अमले की संयुक्त कार्यवाही के दौरान ग्राम चिखलीकला रा.नि.मं. परासिया व तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा के खसरा नंबर 162/1 रकबा 0.035 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में छोटी बाई पति हृदयलाल वगैरह के नाम से दर्ज हैं। इस भूमि पर 24 घनमीटर रेत भण्डारित होना पाया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की नियुक्ति के दावे आपत्ति की सुनवाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र बुलाऐं गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों में पात्र व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए दावा आपत्ति बुलाए गए थे जिसके अंतर्गत गठित समिति द्वारा दावे आपत्ति की सुनवायी जिलाध्यक्ष कार्यालय के सभाकक्ष में 8 नवम्बर 2024 दिन शुक्रवार को की गई जिसमें गठित समिति के सदस्यों के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, जिला महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिसेन एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे जहां दावे आपत्तियों का निराकरण किया गया।

छाया- शेख अल्फाज

## आधार फाउंडेशन में मनाया गया प्रिया नकुलनाथ का जन्मदिन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 11 नवंबर 2024 को कांग्रेस कमेटी की महिला जिला अध्यक्ष किरण चौधरी, जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव के मार्गदर्शन पर महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष संतोषी गजभिये, कार्यवाहक कार्यकारी अध्यक्ष दीपा यादव, जिला अध्यक्ष आई.टी. सेल ज्योति राय, रेनू तिवारी, पूर्वीता डेहरिया, नूरजहां, विनीता सोनी, अनिल गजभिए आदि ने बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगताओं से ग्रसित दिव्यांगजनों के लिए पोआमा, छिंदवाड़ा में संचालित सामाजिक संस्था आधार फाउंडेशन के दिव्यांगजनों के साथ प्रिया नकुलनाथ का जन्म दिन केक काटकर मनाया। सभी ने बच्चों को केक, बिस्कुट और मिष्ठान वितरित किया और खुशियां मनाई। आधार फाउंडेशन की संचालिका एवं अध्यक्ष सरिता पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर किया गया छठ व्रत का समापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अम्बाड़ा, मोहन कॉलरी, गुढ़ी, पालाचौरई, कर्मवीर कॉलोनी, माइनस क्षेत्र में छठ पर्व मनाया गया।

इस दौरान महिलाओं के द्वारा निर्जला व्रत रखा गया है एवं डूबते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत की शुरुआत की गई एवं पूजा पाठ किया गया उसके बाद दूसरे दिन सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया गया। सूरज को अर्घ्य देने के लिए मोहन कॉलरी चीफ हाऊस वा काली पूजा ग्राउंड मोहन कॉलरी एवं कर्मवीर कॉलोनी माइनस गुढ़ी अंबाड़ा सहित अन्य जगहों पर अस्थाई पानी का कुंड बनाकर जल भरकर सूरज को अर्घ्य दिया गया। गौरतलब है कि 4 दिन तक चलने वाले इस पूजन का विशेष महत्व है व्रती महिलाएं कठोर उपवास रखती हैं दीपावली के ठीक 6 दिन बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को सूर्य व्रत यानी छठ पूजा का विधान है। षष्ठी को महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं।

## देवेश शर्मा का मनाया गया 60वां जन्मदिन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिलाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ कलेक्टर के सीनियर पी ए देवेश शर्मा का 60 वां जन्मदिवस कार्यालय कर्मचारियों के द्वारा केक काटकर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सतीश गोंडाने, अभिषेक दुबे, रीडर अखिलेश निर्मलकर, नीलू धुर्वे, मुकेश, राकेश, रीडर शाखा के कर्मचारी आदि थे।

## कल्चुरी समाज ने मनाई भागवान सहस्त्रवाहु की जयंती, निकाली शोभायात्रा



हेहैय कल्चुरी कलार समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती शहर में शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से मनाई।